# पांचवें दिन पकड़ा गया छोटा भीम

## हाथियों के साथ तलाश रही थी वन विभाग की टीम, वनविहार में होगा इलाज

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पिछले कुछ दिनों से एक फंदे वाले बाघ को लेकर सुर्खियों में था। खबर थी कि एक बाघ के गले में फंदा फंसा हुआ है, जिसे ढूंढने और रेस्क्यू करने के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी दिन-रात मेहनत कर रहे थे। अब बाघ का सफल रेस्क्यू किया गया।

पिछले चार दिन से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्रबंधन इस फंदे वाले बाघ की तलाश में जुटा हुआ था। इस अभियान में पांच हाथियों और 80 से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया था। पूरे जंगल की छानबीन के बाद पांचवें दिन 'छोटा भीम' नाम से मशहूर बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। उसके गले में फंसे फंदे को काट दिया गया है, उसे निगरानी के लिए एंक्लोजर में रखा जाएगा। रेस्क्यू के बाद सबसे पहले बाघ के गले में फंसे तार को सावधानीपूर्वक काटा गया। इसके बाद उसके घाव का प्राथमिक उपचार किया गया और उसे सुरक्षित पिंजरे में बंद किया गया। बता दें कि पर्यटकों ने एक वीडियो वायरल किया था,



जिसमें बाघ के गले में फंदा फंसा हुआ देखा गया था। इसकी सूचना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के प्रबंधन को दी गई। इसके बाद से प्रबंधन ने इस बाघ की तलाश शुरू की थी।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि बाघ की तलाश के लिए शुरू किए गए अभियान में कुल पांच हाथी, 80 से अधिक कर्मचारी और 10 ट्रैप कैमरों का इस्तेमाल किया गया, साथ ही एक पिंजरे में बकरा भी रखा गया था, ताकि शिकार के लालच में बाघ पिंजरे की ओर आ सके। आखिरकार, बाघ का रेस्क्यू करने में सफलता मिली और अब वह खतरे से बाहर है। उपसंचालक पीके वर्मा ने बताया कि स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ, जबलपुर के पशु और वन्यजीव विशेषज्ञों के परामर्श के बाद बाघ को आगामी उपचार के लिए वन विहार भोपाल भेजा जाएगा।

### हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**पन्ना,देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को शहर के पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा रोकथाम विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हम होंगे कामयाब शक्ति अभियान और बाल विवाह विरोधी अभियान के तहत उपस्थितजनों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य एस.पी.एस. परमार के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान महिला थाना प्रभारी फूलकुमारी, उप निरीक्षक सोनम शर्मा, आरक्षक सृष्टि तिवारी, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय, पन्ना शहरी परियोजना कार्यालय से पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता द्वारा कानूनी जागरूकता पर संवाद कर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर के जरिए महिलाओं एवं बालिकाओं को मिलने वाली सहायता के बारे में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

# लैब टेक्नीशियन पर गिरी गाज, बीएमओ पर कार्रवाई की मांग

## इलाज के अभाव में महिला की मौत का मामला

उमरिया, देशबन्धु। जिले के मानपुर सीएचसी में डॉक्टरों की लापरवाही से हेमा पटेल की मौत हो गई। परिजनों ने बीएमओ निशांत सिंह परिहार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन बीएमओ को निलंबित नहीं किया गया। लैब टेक्नीशियन सत्यम गुप्ता को पद से हटाया गया। जांच और सुधार के निर्देश दिए गए।

उमरिया जिले के मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ग्राम कछौहा निवासी हेमा पटेल की मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज न मिलने के कारण हेमा की मौत हुई। इसके विरोध में परिजनों ने शव को सीएचसी के गेट पर रखकर धरना दिया और बीएमओ निशांत सिंह परिहार को दंडात्मक कार्रवाई के तहत सीएचसी से हटाने की मांग की। उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने परिजनों से फोन पर बात की और विश्वास दिलाया कि वह जिम्मेदार बीएमओ पर कार्रवाई करेंगे, इसके बाद अगले दिन संयुक्त टीम ने सीएचसी मानपुर की जांच की और वहां की अव्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। हालांकि, बीएमओ निशांत सिंह परिहार के




खिलाफ निलंबन की कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि शेवारात लैब टेक्नीशियन सत्यम गुप्ता को पद से हटा दिया गया। यह बात भी सामने आई कि बीएमओ परिहार मानपुर में रहने के बजाय ब्यौहारी में रहते हैं और महीनों में एक या दो बार ही मानपुर आते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा में खामियां आईं। हेमा पटेल की मौत के कारणों पर जिम्मेदारों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है और सवाल उठ रहा है कि क्या इस मामले में सिर्फ लैब टेक्नीशियन को हटाकर पूरी घटना की जांच को समाप्त कर दिया जाएगा।

## सार-समाचार



### सड़क पार करते दिखा बाघ, राहगीरों ने वीडियो बनाकर किया वायरल

**पन्ना, देशबन्धु।** देश-दुनिया में पन्ना टाइगर रिजर्व को बाघों की बढ़ती हुई संख्या के लिए जाना जाता है। यहां एक सैकड़ा के करीब बाघों की संख्या हो चुकी है। यही कारण है कि अब पर्यटकों के साथ-साथ राह चलते लोगों को भी बाघों के दीदार आसानी से हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ आज यानी शनिवार को पन्ना-अमानगंज घाटी में देखने को मिला। जहां राहगीरों के वाहनों के पहिए उस वक्त थम गए, जब अचानक राहगीरों को सड़क पार करते हुए एक बाघ दिखा।कुछ समय के लिए तो राहगीर आश्चर्यचकित रह गये, फिर किसी राहगीर ने बाघ का सड़क क्रॉस करते हुए वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बताते चलें कि बाघ के सड़क पार करने के बाद राहगीर वहां से निकल सके। हालांकि, यह कोई पहली बार नहीं है। अक्सर ही पन्ना-अमानगंज घाटी में मॉर्निक वॉक पर जाते हुए उक्त मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को सड़क क्रॉस करते बाघों के दीदार होते रहते हैं।

### कन्या शिक्षा परिषद में कार्यक्रम का आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत आज शासकीय कन्या शिक्षा परिषद कंचनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दागना प्रथा रोकथाम हेतु जानकारी दी गई तथा वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा एवं उनसे जुड़ी सावधानियां से भी अवगत कराया गया।

### 1 से 8 तक के विद्यालय प्रातः 9 बजे से लगेंगे

**शहडोल, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने तापमान में कमी एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम पाली में संचालित समस्त विद्यालयों को प्रात: 9 बजे से संचालित किया जाएगा। उक्त विद्यालय 2 दिसंबर से दिनांक 31 जनवरी तक प्रात: 9 बजे से संचालित होगी।

### पंचायत भवन में हजारों का सामान चोरी

**शहडोल, देशबन्धु।** बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम चिटुहला स्थित ग्राम पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर वहाँ से हजारो रुपए का सामान चोरी कर ले गये। गनीमत रही कि पंचायत भवन में रखे दस्तावेजों को चोरो ने कोई नुक्सान नहीं पहुचाया। घटना के बाद पंचायत सचिव जनार्दन प्रसाद शर्मा द्वारा मामले की शिकायत बुढार थाने में दर्ज कराई गयी है, जिस पर पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन एवं उसी परिसर में स्थति आंगनबाड़ी केंद्र में धावा बोला। चोरों ने सभी कक्ष के चारों ताले तोड़े। जहा आँगन बाड़ी व पंचायत भवन में लगी हुई बड़ी दो एलसीडी ,एक कम्प्यूटर सीपीओ ,पचास गिलास ,प्लेट , बाल्टी व एक व्हील चेयर समेत वहाँ रखा अन्य सामान पार कर दिया । सुबह जब पंचायत सचिन श्री शर्मा पंचायत भवन पहुँचे तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है ,अंदर जाकेर देखा तो अन्य कमरे के भी ताले टूटे थे। साथ ही बगल में मौजूद आगनबाडी कक्ष का भी ताला टूटा हुआ था । पंचायत भवन एवं आगनबाडी केंद्र से दो एलसीडी ,एक कप्यूटर सीपीओ , आधा सैकड़ा गिलास ,स्टील की थाली ,बाल्टी तथा पंचायत भवन मेर चुनाव समय खरीदी गयी व्हील चेयर समेत अन्य सामान चोरो ने पार कर दिया था। घटना की जानकारी लगने के बाद सचिव ने थाने जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई।

### लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में होंगे समझौते

**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है। कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय में संपर्क करें। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

# समय सीमा में करें लंबित शिकायतों का निराकरण

## कॉन्फ्रेंस में कमिश्नर ने कलेक्टरों को दिए आवश्यक निर्देश

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कमिश्नर ने

कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा कलेक्टरों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण निर्धारित समय सीमा में कराना सुनिश्चित करें तथा कलेक्टर्स कार्यों की मॉनिटरिंग भी करें। कमिश्नर ने राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत किए गए सीमांकन, बटवारा, नक्शा तरमीम,आर. सी. एम. एस. में दर्ज नए प्रकरणों, फॉर्मर रजिस्ट्री, अभिलेख दुरुस्ती व अन्य किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने समीक्षा के दौरान कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इसका ध्यान रखे व नक्शा तरमीम के कार्य हेतु शहडोल संभाग में विशेष अभियान भी चलाए।

कमिश्नर श्रीमती गुप्ता ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में जिलेवार सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि




सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराए तथा शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग, राजस्व, स्वास्थ विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन एवं जन कल्याण शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की तथा निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने जिलेवार स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने कहा कि नवजात शिशुओं के टीकाकरण का कार्य शत् प्रतिशत किया जाए, कोई भी नवजात शिशु टीकाकरण से न छुटे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत शहडोल संभाग में शिविर लगाने हेतु कलेक्टर्स कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के जिला अस्पतालों में एनआरसी केंद्रों में बेड्स के अनुसार कुपोषित बच्चों को भर्ती करना सुनिश्चित करें तथा भर्ती बच्चो के माता-पिता को दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर कर दें।

कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर शहडोल डॉ.केदार सिंह, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र जैन, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनीषा पांडे, शहडोल संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# चिटुहला पंचायत भवन में चोरी, हजारों का सामान ले उड़ चोर

**शहडोल, देशबन्धु।** बुढार थाना क्षेत्र के ग्राम चिटुहला स्थित ग्राम पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपये मूल्य का सामान चोरी कर लिया। हालांकि, चोरों ने पंचायत भवन में रखे दस्तावेजों को नुकसान नहीं पहुंचाया। घटना के बाद पंचायत सचिव जनार्दन प्रसाद शर्मा ने बुढार थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूत्रों के अनुसार चोरों ने पंचायत भवन और उसी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को निशाना बनाया। चोरों ने सभी कक्षों के ताले तोड़े और वहां रखी बड़ी एलसीडी टीवी, एक कम्प्यूटर सीपीयू, 50 गिलास, स्टील की थाली, बाल्टी और एक व्हील चेयर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया।

पंचायत भवन में ताले टूटे हुए पाए गए और बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का ताला भी टूटा हुआ था। सुबह जब पंचायत सचिव ने पंचायत भवन का दौरा किया, तो उन्होंने देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान गायब था। घटना के बाद पंचायत सचिव ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने इस मामले में धारा 331(4), 305 के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामवासियों में इस चोरी की घटना को लेकर भय का माहौल है। उन्हें डर है कि पंचायत भवन के बाद चोर अब आमजन के घरों को भी निशाना बना सकते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे जल्द ही चोर पुलिस हिरासत में होंगे।

# दूध डेयरी का किया निरीक्षण

**पन्ना,देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा अस्पताल चौराहे के निकट स्थित छतरपुर दूध डेयरी का निरीक्षण कर नमूना प्राप्त करने की कार्यवाही की गई। यहां निरीक्षण के दौरान उपस्थित व्यक्ति अनुज यादव द्वारा कार्यवाही में अपेक्षित सहयोग नहीं किया गया और विभिन्न तरीकों से टीम को डरा धमकाकर कार्रवाई न करने का दबाव बनाया गया। टीम ने वस्तुस्थिति के बारे में एसडीएम और तहसीलदार को सूचित कर पुलिस बल की मौजूदगी में जरूरी कार्यवाही संपादित की।

प्रतिष्ठान से मौके पर ही 2 हजार लीटर संग्रह दूध का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण



प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। दूध डेयरी में खाद्य कारोबार करने संबंधी एफएसएसएआई पंजीयन अथवा लाइसेंस भी नहीं मिला।

# साइकिल मरम्मत की आड़ में गैस रिफिलिंग का कार्य

## खाद्य विभाग ने दबिश देकर जब्त किए 11 सिलेंडर

**शहडोल, देशबन्धु।** शहर में गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद खाद्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए 11 से अधिक सिलेंडर और रिफलिंग में उपयोग होने वाली सामग्रियां जब्त कीं है । एलपीजी गैस के अवैध विक्रय एवं रिफिलिंग की शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राहक बनकर शिकायत का क्रय-परीक्षण किया गया।

नगर पालिका क्षेत्रातंर्गत वार्ड नंबर 2 गढ़ी के पास रामजी गुप्ता द्वारा संचालित साइकल दुकान एवं मकान में एलपीजी गैस के अवैध विक्रय एवं रिफिलिंग की पुष्टि हुई। इसके बाद विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा उक्त स्थल पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान मौके पर बरामद सिलेण्डर मय एलपीजी गैस (घरेलू प्रवर्ग के 2 नग सिलेण्डर, 9 नग अमानक छोटे सिलेण्डर), 1 नग स्टील नोजल एवं 5 नग दाब रेग्यूलेटर जब्त किया गया।



**ज्वेलरी दुकान में भी दुरुपयोग**-साथ ही वार्ड नंबर 2 गढ़ी में सुधीर ज्वेलर्स का निरीक्षण किया गया, जहां आभूषण बनाने के लिए घरेलू प्रवर्ग के एलपीजी सिलेण्डर का व्यावसायिक दुरूपयोग होना पाया गया। जहां से घरेलू प्रवर्ग का 1 नग सिलेण्डर मय एलपीजी गैस एवं गैस बेल्डिंग बर्नर जब्त किया गया। उक्त दोनों प्रकरणों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है। जांच दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप द्विवेदी, प्रभांश मौर्य, सुशील कुमार सेन एवं कर्मचारी मानवती बैगा शामिल रहे।

# वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से किया जागरूक

**पन्ना,देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हम होंगे कामयाब अभियान पखवाड़ा अंतर्गत प्रतिदिन की निर्धारित थीम अनुसार जागरूकता



कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में गत शुक्रवार को वन स्टॉप सेंटर के सहयोग से शहर के वार्ड क्रमांक 13 के आंगनबाड़ी केन्द्र में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर सखी सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम पर संवाद कर विधिक एवं पुलिस सहायता की प्रक्रिया तथा वन स्टॉप सेंटर की भूमिका के बारे में अवगत कराया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना पांडेय, गेंदा कुशवाहा, सहायिका रेखा वर्मा का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

# युवक को डिजिटल अरेस्ट में रखकर शातिर ठग ने बनाया दबाव

## सूझबूझ से तिकड़म लगाकर खुद को छुड़ाया

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के खैरहा थाना के खन्नाथ गांव में रहने वाले केशवप्रसाद पटेल (39) पिता रामदुलारे पटेल के पास कल सुबह 11 बजे एक फोन आया, जिसमें फोन करने वाला खुद को क्राइम ब्रांच का अफसर बताते हुए धमकाने लगा। उसने युवक पर मोबाइल से अश्लील वीडियो देखने और उसे फैलाने के आरोप लगाए। चूंकि युवक ने कभी ऐसे वीडियो देखे ही नहीं थे, इस कारण वह समझ गया था कि उसके साथ कोई फ्रॉड हो रहा है और उसे डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। पीड़ित युवक से बात करके उस 30 मिनट 45 सेकंड के मंजर को समझा, जिसमें युवक ने सूझबूझ तरीके से ठगों को चकमा देकर डिजिटल अरेस्ट से मुक्त होने का रास्ता पाया।

मामले में जानकारी देते हुए केशवप्रसाद पटेल बताते हैं कि कल सुबह ठीक 11 बजे मेरे फोन पर नंबर +91 7294196969 से फोन आया तो मैं उस समय नहा रहा था। मेरी पत्नी देवकी पटेल (32) ने फोन उठाया तो उधर से ठग ने कहा कि हम क्राइम ब्रांच दिल्ली से बोल रहे हैं। तुम्हारे पति के नाम से यहां एफआईआर हुई है, उसने मोबाइल से गंदगी फैलाई है। उसे उठाने पुलिस घर आ रही है। घबराई पत्नी ने पति को पूरी बात बताई, इसके बाद केशव फोन पर ठग से बात करने लगा।फोन सर्विलांस में है, काटना नहीं है- केशव बाथरूम में था, वह जैसे ही फोन पर आया, सामने से ठग ने खुद को क्राइम ब्रांच का अफसर बताया और धमकाने लगा। उसने आरोप लगाया कि तुम मोबाइल में अश्लील वीडियो देखते हो और सब जगह फैला रहे हो। तुम्हारा फोटो और डेटा यहां आया है, 10 मिनट में पुलिस तुम्हारे घर तुम्हें गिरफ्तार करने आ रही है। तुम्हारा फोन सर्विलांस में है, इसलिए तुम फोन नहीं काटोगे, फोन चालू रखना।

डीएम और सीएम का आदेश है, कार्रवाई होगी। ठग ने केशव से यह भी कहा कि तुम्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। मुख्यमंत्री समेत डीएम और एसपी का तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश है। तुम्हारी फाइल यहां हमारे पास फोटो समेत रखी है। तुम्हारे फोन का पूरा डेटा हमने निकाल लिया है और अब यह यहां से ही डिलीट होगा।

7700 डाटा रिकवरी फाइन चार्ज लगेगा- ठग ने केशव से कहा कि पुलिस तुम्हारे घर नहीं आए इसलिए फाइन चार्ज जमा कराना होगा तभी तुम्हारे फोन का डाटा यहां से डिलीट होगा। यदि तुम्हारी आईडी कोई और चला रहा है तो उसे डिलीट करके लॉक कर दिया जाएगा। 11 लाख जुर्माना है। इस कार्रवाई से बचना है तो 7700 रुपए की रसीद कटवा लो। 200 चालान में कट जाएगा और 7500 रुपये तुम्हारे खाते में वापस आ जाएंगे। फोन पे से पेमेंट करो- डिजिटल अरेस्ट करने के दौरान ठग बार-बार यह कह रहे थे कि पुलिस बस तुम्हारे घर आ रही है, 2 किलोमीटर दूर है। इसके साथ ही पीछे से सायरन भी बज रहा था। लाइन में बने रहने के साथ ही ठग ने कहा फोन पे ऑन करो, मैं तुमको अपने अधिकारी का नंबर देता हूं उसमें पैसा डालकर तत्काल रसीद कटवा लो। अपना फोन किसी को नहीं देना, जल्दी पेमेंट करो।

युवक ने दिखाई सूझबूझ-8 मिनट तक ठग का टॉर्चर सुनने के बाद युवक केशव समझ चुका था उसे डिजिटल अरेस्ट किया गया है। ठग द्वारा बार-बार पेमेंट के लिए दबाव बनाने पर केशव ने सूझबूझ दिखाते हुए कहा कि मेरे फोन में बैलेंस नहीं है और इंटरनेट भी नहीं चल रहा है और मेरे खाते में 7700 रुपये भी नहीं हैं, इस कारण मैं पेमेंट नहीं कर पाऊंगा। जब ठग को इस बात का भरोसा हो गया कि केशव के पास मोबाइल में बैलेंस नहीं है वह तत्काल पैसा नहीं भेज पाएगा तब उसने केशव को बैंक और दुकान जाने की मोहलत दी। इस दौरान उसने फोन नहीं काटने की बात कही। इस दौरान ठग ने केशव को दूसरा नंबर देते हुए 9936344023 नंबर लिखाया और कहा कि इस पर पेमेंट कर दे। इसके बाद केशव ने फोन म्यूट किया और घर से निकलकर लगभग 3 किलोमीटर दूर सीधे अपने क्षेत्र की जनपद सदस्य शिल्पी पांडेय के पास पहुंचा और फोन चालू रहते ही उसने आपबीती बताई। इसके बाद जनपद सदस्य शिल्पी पांडेय ने केशव का फोन लिया और ठग से बात करके उसे फटकार लगाई। इसके बाद ठग ने फोन काट दिया और युवक डिजिटल अरेस्ट से मुक्त हो गया।